# उत्तर प्रदेश होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड

**होमियोपैथी भवन**

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ

दूरभाष : 0522–2618850
फैक्स : 0522–2616638

पत्रांक 11 /एच0एम0बी0/372/2014-19TC  दिनांक 03-1-2020

सेवा में,

समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य,
डी0एच0पी0 कालेज, उत्तर प्रदेश।

**विषयः–डी0एच0पी0 सत्र 2019–20 में प्रवेशित छात्र–छात्राओं के इन्रोलमेंट के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश।**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषयक बोर्ड कार्यालय के पूर्व पत्र संख्या–2735/एच0एम0बी0/372/2014–19/टी0सी0 दिनांक 09.10.2019 के द्वारा डी0एच0पी0 सत्र 2019–20 मे प्रवेशित छात्र/छात्राओं के आनलाइन इन्रोलमेन्ट फार्म भरने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु अभी तक कई कालेजों द्वारा छात्रों का इन्रोलमेन्ट फार्म नही भरे गये है, जिसके अभाव में सत्र 2019–20 के लिए छात्रों का इन्रोलमेन्ट किया जाना सम्भव नही हो पा रहा है।

अतः सभी कालेजों को पुनः सूचित किया जाता है कि बोर्ड की वेब साइट **hmbup.in** पर जाकर कालेज के लॉग इन आई0डी0 पोर्टल से अपने कालेज मे प्रवेशित छात्रों का इन्रोलमेन्ट शुल्क रू0 300/–ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से भुगतान करके इन्रोलमेंट फार्म भरकर निम्न अनिवार्य अभिलेख, प्रमाण पत्र, फोटा व हस्ताक्षर स्कैनर द्वारा स्कैन करके अपलोड करें, वांछित अभिलेखों का विवरण निम्नवत् है :–

1. हाईस्कूल मार्कशीट/प्रमाण पत्र।
   **(उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुमोदित कोर्स ऑफ स्ट्डी (Curriculum) के अनुसार अभ्यर्थी की आयु माह जुलाई/अगस्त, 2019 में (प्रवेश लेने की तिथि को) 17 वर्ष से कम नही होनी चाहिए।)**
2. इन्टरमीडिएट मार्कशीट/प्रमाण पत्र **(विज्ञान वर्ग–भौतिक, रसायन, गणित या जीव विज्ञान 05 विषयों सहित)।**
3. इण्टरमीडिएट परीक्षा जिस कालेज से उत्तीर्ण की हैं उसके प्राचार्य द्वारा प्रदत्त टी0सी0 (मूलरूप में)।
4. एक चरित्र प्रमाण पत्र कालेज के प्राचार्य द्वारा प्रदत्त मूलरूप में।
5. निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी।
   (डी0एच0पी0 डिप्लोमा पाठयक्रम में केवल उत्तर प्रदेश में निवासित छात्र–छात्राओं का ही प्रवेश लें एवं उत्तर प्रदेश से जारी निवास प्रमाण पत्र में अंकित पते के अनुसार ही इन्रोलमेन्ट/परीक्षा फार्म भरें।)
6. आधार कार्ड।
7. फोटो व हस्ताक्षर।

आनलाइन भरे गयें छात्र का इन्रोलमेंट फार्म का प्रिंट आउट निकालकर यथा स्थान हस्ताक्षर कर फार्म के साथ समस्त अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रतियां एवं टी0सी0, एक चरित्र प्रमाण पत्र मूल रूप में संलग्न कर बोर्ड कार्यालय में जमा करें।

साथ ही यह भी अवगत करना है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुमोदित कोर्स ऑफ स्टडी (**Curriculum**) के अनुसार हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट की परीक्षा विधिमान्य संस्था से ही उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। इण्टरमीडिएट (**विज्ञान वर्ग–भौतिक, रसायन, गणित या जीव विज्ञान 05 विषयों सहित**) की परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का ही इन्रोलमेन्ट फार्म उनके मूल अभिलेखों की प्रबंधक/प्राचार्य जांचकर, सत्यापित करने के उपरान्त ही आनलाइन डाक्यूमेन्ट अपलोड करें, अन्य वर्ग की परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी का डी0एच0पी0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिया जाय, जिससे की समयान्तर्गत इन्रोलमेंट प्रक्रिया पूर्ण हो सके। **पोर्टल दिनांक 05.01.2020 से 25.01.2020 तक ऑनलाइन इन्रोलमेंट फार्म भरनें एवं दिनांक 31.01.2020 तक वेरिफिकेशन हेतु अन्तिम बार खोला जा रहा है।**

**नोट :–माह जुलाई/अगस्त, 2019 को अभ्यर्थी की आयु 17 वर्ष से कम होने, अपलोड प्रमाण पत्र अस्पष्ट, अपठनीय एवं सादा कागज अपलोड करने, इण्टरमीडिएण्ट विज्ञान वर्ग (भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान अथवा गणित 05 विषयों सहित) न होने या कोई भी कूट रचित अभिलेख अपलोड करने की दशा में अभ्यर्थी को इन्रोल्ड नही किया जायेगा। जिसके लिए कालेज स्वयं उत्तरदायी होंगे और सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है।**

भवदीय

(अनिल कुमार मिश्र),
रजिस्ट्रार।